एक नजर में

## ई-विकास प्रणाली अंतर्गत जिला आलीराजपुर के नानपुर सहकारी संस्था द्वारा प्रथम ई-टोकन जारी



**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन की ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत कृषकों को ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण की प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया है। इसी क्रम में आज से बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित नानपुर, जिला आलीराजपुर द्वारा कृषक श्री मेहताब सिंह पिता हेमता, निवासी फाटा, जिला आलीराजपुर को प्रथम ई-टोकन जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि टी.एल. बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथूर द्वारा सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग को उक्त व्यवस्था शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में यह कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विभाग के उपायुक्त श्री जी.एल. सोलंकी, उप संचालक कृषि श्री सज्जन सिंह चौहान तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित झाबुआ के नोडल अधिकारी आलीराजपुर श्री हर्ष गुप्ता द्वारा संस्था के प्रबंधक श्री संजय बामनिया एवं संस्था प्रशासक श्रीमती संगीता चौहान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ई-टोकन व्यवस्था से किसानों को खाद वितरण में पारदर्शिता आएगी तथा शासन की योजनाओं का लाभ उन्हें आसानी एवं समय पर उपलब्ध हो सकेगा।

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय आधारकांच का निरीक्षण



**आलीराजपुर।** जिले में शिक्षा व्यवस्था, छात्रावास व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सभी अधिकारियों को छात्रावास, विद्यालयों का समय समय पर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा निरंतर शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा द्वारा प्राथमिक विद्यालय आधारकांच का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की उपस्थिति में साफ सफाई कम पाई गई। जिस पर संबंधित शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करें। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि विद्यालय में बच्चों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार ही दिया जा रहा था। नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा ने विद्यालय प्रबंधन को शैक्षणिक गुणवत्ता और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

## जनता के मताधिकार के लिए कांग्रेस सजग

### 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को नामावली में 22 जनवरी तक अपने नाम जुड़वाने का किया आह्वान



**झाबुआ**/मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संपूर्ण प्रदेश के जिलों की जिला कांग्रेस कमेटियों को लोकतंत्र में जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए पूरे मुस्तैदी के साथ सजकता बरतने के निर्देश दिए हैं ताकि विरोधी पार्टिया गड़बड़ी नहीं कर पाए भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के चलते 22 जनवरी दावे आपत्तियों वी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओं के नाम जोड़ने की अंतिम तारीख है जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका के निर्देश पर कांग्रेस पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल नामावली जिला प्रभारी यामीन शेख शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौर सोमवार को निर्वाचन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर विजय मंडलोई एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी भास्कर गाचले को परिपत्र जिसमें उल्लेखित फॉर्म 7 के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा कर भारत निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी किए गए फॉर्म के अलावा अन्य फॉर्मेट में बीएलओ स्वीकार नहीं करें वही जो मतदाता जहां निवास करता है वही के वार्ड की नामावली में उनका नाम एस आई आर मैपिंग अनुसार हो जिससे पारदर्शिता बनी रहे जिला कांग्रेस ने क्षेत्रवार पार्टी के बीएलए को निर्देश दिए है कि अपने-अपने क्षेत्र के 18 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाता के नाम जुड़वाने में भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि लोकतंत्र में जनता अपने मताधिकार का उपयोग करसके

## 40 मरीज पहुंचे, डायरिया के 2 मामले

इंदौर. भागीरथपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य हालात अब नियंत्रण में नजर आ रहे हैं. शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में 40 मरीज पहुंचे, जिनमें से डायरिया के केवल 2 मरीज सामने आए. इनमें से किसी भी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं पाई गई. फिलहाल 15 मरीज अस्पतालों में इलाजरत हैं. इनमें 9 मरीज सामान्य वार्ड में भर्ती हैं, जबकि 6 मरीज आईसीयू में उपचार ले रहे हैं. वहीं वेंटिलेटर पर किसी नए मरीज को नहीं रखा है. सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसानी ने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर क्षेत्र में दो एम्बुलेंस 24 घंटे तैनात की गई हैं. इसके साथ ही डॉक्टरों की राउंड-द-क्लॉक ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके. जरूरत पड़ने पर मरीजों को एमवाय अस्पताल, अरविंदो अस्पताल और बच्चों को चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय रेफर किया जा रहा है.





# विराट हिंदू सम्मेलन में हजारों लोगों की सहभागिता

▶ पारा मंडल का भव्य आयोजन

**पारा .** नगर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन भव्यता, दिव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जो राजेंद्र चौक,होली चौक होते हुए हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित धर्मसभा स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में घोड़े पर भगवा ध्वज लेकर साथ जनजातीय नृत्य टोली में हिंदुत्व का प्रचम लहराता हुआ स्वरूप देखने को मिला ।इस विराट आयोजन में मंडल के समस्त ग्रामीणजन, महिलाएं, युवतियां,




युवा, वृद्धजन सहित हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और हिंदू संगम को सशक्त रूप प्रदान किया। धर्मसभा मंच से अतिथियों का परिचय कराते हुए प्रमुख वक्ताओं ने ओजस्वी उद्बोधन दिए— स्वामी भारतानंद सरस्वती जी महाराज (सन्यासी, महासचिव - अखिल भारतीय संत समिति, महाराष्ट्र 7 संस्थापक - भारत भक्ति आश्रम) ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदुत्व कोई संकीर्ण धर्म नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन एवं सार्वभौमिक जीवन पद्धति है, जो विश्व कल्याण का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि आज समाज को भ्रमित करने वाली वामपंथी विचारधाराओं के विरुद्ध सजग, विवेकशील और आत्मबोध से युक्त उत्तर देने की आवश्यकता है। परमपूज्य संत कानू जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति धरती माता की सेवा करता है, गौ माता, सूर्य, चंद्र, जल और वृक्षों की पूजा करता है — वही हिंदू है। उन्होंने हिंदुत्व को प्रकृति, संस्कृति और करुणा से जुड़ा जीवन दर्शन बताया।

आकाश चौहान विभाग सह कार्यवाह, रतलामने युवाओं से आह्वान किया कि वे भ्रामक जानकारियों का तथ्यात्मक और ऐतिहासिक दृष्टि से उत्तर दें तथा शैक्षणिक, व्यापारिक और साहित्यिक क्षेत्र में संगठित प्रयास करें ।सीता भाबर (शिक्षिका ने महिला सशक्तिकरण का विषय ध्यान कराते हुए महिलाओं में स्वाभिमान, संस्कार और हिंदुत्व की जड़ों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया ।कार्यक्रम की भव्यता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि हजारों लोगों ने एक साथ धर्मसभा में सहभागिता की, वक्ताओं के उद्बोधन सुने और हिंदू सम्मेलन उत्सव मनाया। इसके उपरांत सहभोज का आयोजन भी किया गया ।कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सम्पूर्ण नगर व टोलियों की सक्रिय भूमिका रही। जल, भोजन निर्माण एवं वितरण, पार्किंग, सुरक्षा एवं अनुशासन में युवा टोली की विशेष सराहनीय भूमिका रही ।यह विराट हिंदू संगम सम्मेलन क्षेत्र में धर्म, संस्कृति, समरसता और जागरण का एक ऐतिहासिक उदाहरण बनकर उभरा।

## सनकी ऑटो चालक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग पर पीछे से चाकू से हमला कर भागा

इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक ऑटो चालक ने बिना किसी विवाद के पैदल जा रहे बुजुर्ग पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया. घटना के बाद आरोपी मौके से ऑटो लेकर फरार हो गया. पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. परदेशीपुरा थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि क्लर्क कॉलोनी निवासी ललित जैन पिता चांदमल जैन किसी काम से घर से निकले थे. जब वे सुगनी देवी कॉलेज गेट के सामने तीन पुलिया क्षेत्र में पहुंचे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात ऑटो रिक्शा चालक ने अचानक ऑटो रोका और बिना कुछ कहे चाकू निकालकर उनकी कमर के निचले हिस्से में पीछे से वार कर दिया. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी तेज रफ्तार में ऑटो लेकर मौके से फरार हो गया.

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर ने टीएल बैठक में समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में प्रभारी जिला पंचायत सीईओ वीरेन्द्र बघेल, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री निधि मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे, सुश्री दीपिका पाटीदार एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में आलीराजपुर, उदयगढ़ सहित जनपद पंचायत सीईओ भी उपस्थित थे।**

बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जो विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में सी और डी ग्रेड में है उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करे अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध वेतन कटौती की जाएगी। साथ ही शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए ।आगे उन्होंने ई केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



इसके बाद संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक हितग्राही मूलक योजनाओं से वंचित न रहे। जो हितग्राही विभिन्न कारणों से योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं, उन्हें अभियान के माध्यम से लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही तकनीकी कारणों से जिन नागरिकों को योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो गया है, उनके आवेदन भी अभियान में अनिवार्य रूप से लिए जाएं। इस अभियान की समीक्षा स्वयं कलेक्टर द्वारा की जाएगी।

बैठक में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो आवेदक पात्रता रखते हैं एवं जिन विभागों में पद रिक्त हैं, वहां नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति नियमानुसार करना सुनिश्चित की जाए। आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिए गए दायित्वों का समय सीमा में पूर्ण करे,कोई भी तैयारी अपूर्ण ना रहे।

# सेवा, संवेदना और सादगी का अनुपम संगम

▶ डॉक्टर दादू महाराज संस्थान की अमावस्या सेवा परंपरा निरंतर प्रावहित

**पेटलावद।** सेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को आत्मसात किए डॉक्टर दादू महाराज संस्थान, पेटलावद द्वारा प्रत्येक अमावस्या को निर्धन बस्तियों में भोजन वितरण की पुण्य परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी पावन क्रम में मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर संस्थान द्वारा वर्मा परिवार के सहयोग से उनके सबसे छोटे सुपुत्र रुद्विक वर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में खोरिया फलिये में सादगीपूर्ण भाव से खिचड़ी का वितरण किया गया।



सेवा भाव से ओतप्रोत इस आयोजन में संस्थान के सभी सदस्य पूर्ण निष्ठा के साथ उपस्थित रहे और मानव सेवा का संदेश जन-जन तक पहुँचाया ।पेटलावद संस्थान द्वारा तीर कामठी भेंट की : इसी अवसर पर पेटलावद से संस्थान के सदस्य डॉक्टर दादू महाराज के जन्मदिवस पर इंदौर पहुँचे तथा उन्हें तीर-कामठी भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएँ अर्पित कीं। इस वर्ष इंदौर में दूषित जल के कारण हुई दु:खद मृत्यु की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए डॉक्टर दादू महाराज ने अपना जन्मदिवस अत्यंत सादगी एवं संवेदना के साथ मनाया। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक-संतप्त परिवारों को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की कामना व्यक्त की। इस सेवा एवं श्रद्धा के अवसर पर संस्थान के सदस्य अशोक वर्मा, सुरेश मुथा, महेश भटेवर, पिंटू, हरीश राठौर, दीपक राठौड़, मनोज परमार, सुमन सोलंकी, सीता ठाकुर, गोकुल लोहार, पीयूष राठौड़, हरिओम राठौर, अर्जुन ठाकुर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सच्चा उत्सव वही है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक करुणा और सेवा का प्रकाश पहुँचाए।

एक नजर में ▶ शहर के मुख्य बाजार में कटलरी व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले 3 आरोपियों का पुलिस ने कान पकड़कर निकाला जुलूस

# कटलरी व्यापारी मनीष चौहान से आरोपियों ने मांगी माफी, जुलूस बाद जिला न्यायालय में पेश कर जेल भेजा

**झाबुआ। शहर के मुख्य बाजार में थांदला गेट के समीप विगत दो दिन पूर्व देर शाम कार से आए 4-5 बदमाशों ने दादागिरीपूर्ण तरीके से कटलरी व्यापारी मनीष चौहान के साथ जमकर विवाद एवं मारपीट की गई थी एवं धारदार हथियार भी बाजार में लहराया गया था। यह घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई थी। घटना में बाद क्षुब्ध सकल व्यापारी संघ एवं युवा व्यापारी एसोसिएशन ने इस संबंध में व्यापारी के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह एवं पुलिस थाने पहुंचकर थाना प्रभारी आरसी भास्करे को भी आरोपियों पर सख्ती से कार्रवाई संबंधी ज्ञापन सौंपा गया था।**

उक्त घटना में एसपी डॉ. शिवदयाल सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी आरसी भास्करे एवं पुलिस टीम द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए घटना में संलिप्त 5 में से 3 आरोपियों युवकों का गिरफतार कर पुलिस थाने लाया गया। जहां आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। इसी घटनाक्रम में 18 जनवरी, रविवार दोपहर हाट बाजार के दिन पुलिस ने 3 आरोपियों का कान पकड़कर शहर के मुख्य बाजार से जुलूस निकाला ।इस बीच थांदला गेट पर कटलरी व्यापारी मनीष चौहान की दुकान पर आरोपियों से कान पकड़कर माफी भी मंगवाई गई। बाद जिला चिकित्सालय ले जाकर पुलिस ने तीन आरोपियों का चिकित्सक से मेडिकल भी करवाया। तत्पश्चात् जिला न्यायालय में पेश कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

व्यापारी के साथ हुआ न्याय, पुलिस ने दिखाई सख्ती

इस पूरे घटनाक्रम में सकल व्यापारी एवं युवा व्यापारी एसोसिएशन के प्रयासों की जीत होने के साथ व्यापारी मनीष चौहान को न्याय मिला। साथ ही पुलिस ने भी मामले में सख्ती दिखाते हुए दिनदहाड़े रविवार हाट बाजार के दिन मुख्य बाजार में इन आरोपियों का कान पकड़कर जुलूस निकालकर पुलिस गुंडा एवं बदमाशों के खिलाफ कितनी सख्त है, इसको भी पुलिस प्रशासन ने जाहिर किया। जुलूस निकालते समय लोगों और व्यापारियों में भी कोतूहल का विषय बना रहा।



### आरोपियों को जेल भेजा गया है

घटनाक्रम में 3 आरोपियों का जिला चिकित्सालय में मेडिकल पश्चात् माननीय न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है। 2 अन्य फरार आरोपी भी तलाश जारी है।

**आरसी भास्करे, थाना प्रभारी, पुलिस थाना झाबुआ।**